HAMIRPUR POLICE

उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

थाना कोतवाली नगर **दिनांक- 24.02.2026**

प्रेस नोट

थाना कोतवाली नगर पुलिस व एस0ओ0जी0 टीम के संयुक्त प्रयास से 25000/- रुपये का इनामिया वांछित अभियुक्त गिरफ्तार।

श्रीमान पुलिस अधीक्षक जनपद हमीरपुर के कुशल नेतृत्व एवं निर्देशन में अपराध नियंत्रण व वांछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 24.02.2026 को थाना कोतवाली नगर व एस0ओ0जी टीम द्वारा थाना कोतवाली नगर पर पंजीकृत मु0अ0सं0 263/25 धारा 103(1) बी0एन0एस0 से सम्बन्धित 25000/-रूपये का इनामिया वांछित अभियुक्त सोनू पुत्र रामदास निवासी ग्राम कलौलीतीर थाना कोतवाली नगर जनपद हमीरपुर को संकरी पीपल से बेतवा की ओर कच्चे रास्ते से गिरफ्तार कर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

ज्ञातव्य है कि दिनांक 15.12.2025 को थाना कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत ग्राम बरदहा में एक 35 वर्षीय महिला का शव खेत व सड़क किनारे पड़ा होने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना पर थाना कोतवाली नगर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। महिला की पहचान सुनिश्चित कर फील्ड यूनिट टीम द्वारा आवश्यक साक्ष्य संकलन की कार्यवाही की गई। थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा भरते हुए पोस्टमार्टम की कार्यवाही कराई जा चुकी है। मृतका के पिता से प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0-263/2025 धारा- 103(1) बीएनएस बनाम 02 नामजद व एक अज्ञात अभियुक्त के विरुद्ध पंजीकृत किया गया था। उपरोक्त अभियोग में नामजद अभियुक्त के विरुद्ध दिनांक 18.02.2026 को 25000/- रुपये का इनाम घोषित किया गया था।

नाम पता गिरफ्तार अभियुक्त -

सोनू पुत्र रामदास (उम्र करीब 26 वर्ष) निवासी ग्राम कलौलीतीर थाना कोतवाली नगर जनपद हमीरपुर।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम:

1. पवन पटेल प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली नगर
2. उ0नि0 कृष्ण देव त्रिपाठी
3. हे0का0 अनिरुद्ध कुमार
4. का0 हरदीप
5. का0 राहुल राठौर

एस0ओ0जी0 टीम:

1. उ0नि0 सचिन शर्मा प्रभारी एस0ओ0जी0
2. का0 अतुल कुमार एस0ओ0जी